# उत्तर प्रदेश पुलिस

"सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा"

## प्रेस नोटः साइबर क्राइम थाना

## जनपद अमेठी।

दिनांक- **07.07.2025**

**Cyber Fraud Help Line No. 1930**

**साइबर (Cyber) क्राइम थाना जनपद अमेठी द्वारा वर्ष 2025 में अब तक धोखाधड़ी/गुमराह कर आम-जनमानस के बैंक खातों/वॉलेट/क्रेडिट/डेबिट कार्ड इत्यादि से निकाले गये रुपये में से 30,29,563/-रु० को पीड़ितों के खातों में वापस कराया गया।**

---

पुलिस अधीक्षक अमेठी **श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक** के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी द्वारा **दिनाँक 01.01.2025 से 30.06.2025 तक** साइबर धोखाधड़ी से पीड़ित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गहनता से तथ्यात्मक बिन्दुओं की छानबीन करके तत्काल आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए **कुल 40 पीडितों के खातों/वॉलेट/क्रेडिट कार्ड इत्यादि से निकाले गये कुल रुपये में से 30,29,563/- रुपए पीडितों के बैंक खातों में वापस/बरामद कराए गये।**

**विवरण पुलिस टीम-**

1. श्री राजेश कुमार प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
2. का0 रवि कुमार मौर्य साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
3. का0 सतीश कुमार गुप्ता साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
4. का0 बलबीर कश्यप साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
5. का0 राकेश कुमार यादव साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
6. का0 विनोद कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
7. का0 तनुज कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।

**साइबर फ्रॉड से सम्बंधित सुरक्षा और बचाव के उपाय –**

- अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें / अंजान कॉल, लिंक, APK फाइल, संदेशो (SMS) से सावधान रहें / सुरक्षा साफ्टवेयर(Anti-Virus) का उपयोग करें / मजबूत पासवर्ड रखे / सुरक्षित ऑनलाइन शॉपिंग करें।

**सावधानी-** गूगल सर्च से सावधान रहें, किसी भी सेवा या संस्थान का कस्टमर केयर नम्बर उनकी आधिकारिक बेबसाइट से ही प्राप्त करें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

**नोटः साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्प लाइन नम्बर *1930* अथवा *www.cybercrime.gov.in* पर अपनी शिकायत दर्ज करें।**